# 7 बहू और बिल्ली

श्रुतलेखन

15

शास्त्र पंडित चमत्कार सदस्य

आँगन हत्या बैठक समाधान

नौकरानी अत्यंत रूपवती जंगल

जिम्मेदारी गुस्सा प्रसन्न

पाठ-7

## बोलिए

Text book

1. **पढ़िए**

उ. छात्र स्वयं करें।

2. **बताइए**

**क.** सेठ जी की बहू का रूप-रंग कैसा था?

उ. सेठ जी की बहू अत्यंत रूपवती थी।

**ख.** बहू बिल्ली से परेशान क्यों थी?

उ. बिल्ली रसोई में जाकर दूध-मलाई चट कर जाती इसलिए बहू उससे परेशान थी।

**ग.** बहू बिल्ली को मारने के लिए क्या लाई?

उ. बहू बिल्ली को मारने के लिए बैठ उठा लाई।

**घ.** सेठानी ने पंडित जी को ही क्यों बुलाया होगा?

उ. सेठानी जी अंधविश्वासी थीं। उन्हें लगा कि पंडित जी उनकी समस्या का समाधान कर देंगे इसलिए उन्होंने पंडित जी को बुलाया होगा।

**ङ** इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उ. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें अंधविश्वास नहीं करना चाहिए।

## लिखिए

1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—

क. सेठ जी के घर में कौन-सा पालतू पशु था? ✓ बिल्ली

ख. नौकरानी का नाम क्या था? ✓ कमला

2. किसने कहा, किससे कहा—

| | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| क. क्यों बिल्ली के पीछे पड़ी हो, जाओ अपना काम करो। | ···सेठानी ने··· | ···बहू से··· |
| ख. गजब हो गया। बहू ने बिल्ली को मार दिया। | ···नौकरानी ने··· | ···सेठानी से··· |
| ग. अब जा पंडित जी को बुला ला। | ···सेठानी ने··· | ···नौकरानी से··· |
| घ. एक तोले की बिल्ली से काम नहीं चलेगा। | ···सेठानी ने··· | ···पंडित जी से··· |

3. कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए— Notebook

क. बहू के साथ घर में कैसा व्यवहार किया जाता था?

उ. ···घर के सभी सदस्य बहू से बहुत प्यार करते थे।···

ख. बहू के घर आते ही सेठानी जी ने क्या किया?

उ. ···बहू के घर आते ही सेठानी जी ने सारी ज़िम्मेदारी बहू को सौंप दी।···

ग. बहू घर में किससे सबसे ज़्यादा चिढ़ती थी?

उ. ···बहू घर में बिल्ली से सबसे ज़्यादा चिढ़ती थी।···

घ. पाठ में कितने तौले की बिल्ली बनवाने की बात तय हुई?

उ. ···पाठ में ग्यारह तोले की बिल्ली बनवाने की बात तय हुई।···

4. कुछ वाक्यों में उत्तर लिखिए— Notebook

क. रूपा ने क्या सोचकर पिंजरे में दूध-मलाई रखी और उसका क्या परिणाम हुआ?

उ. रूपा ने सोचा कि दूध-मलाई के लालच में बिल्ली पिंजरे फँस जाएगी, परंतु बिल्ली बहुत चालाक थी। वह पिंजरे में गई ही नहीं।

ख. बहू बिल्ली को मारने के बाद सिर झुकाए क्यों खड़ी थी?

उ. बहू बिल्ली को मारने के बाद सिर झुकाए इसलिए खड़ी थी क्योंकि उसे बिल्ली के मरने का दुख था।

ग. पंडित जी ने बिल्ली की हत्या का क्या समाधान बताया और क्यों?

उ. पंडित जी ने समाधान के लिए ग्यारह तोले सोने की बिल्ली का दान और पूजन करने की बात कही। इस प्रकार वे सेठानी के अंधविश्वास का लाभ उठाना चाहते थे।

घ. बिल्ली के उठकर भागने पर कौन-कौन खुश हुआ और कौन दुखी? कारण सहित लिखिए।

उ. बिल्ली के उठकर भागने पर घर के सभी सदस्य खुश हो गए क्योंकि उनके हज़ारों रुपये खर्च होने से बच गए। परंतु पंडित जी दुखी हुए क्योंकि हज़ारों रुपये की कमाई होने का अवसर उनके हाथ से निकल गया।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **लिंग बताइए—**

| | | |
|---|---|---|
| बहू | — | स्त्रीलिंग |
| सेठानी | — | स्त्रीलिंग |
| नौकरानी | — | स्त्रीलिंग |
| पंडित | — | पुल्लिंग |
| सेठ | — | पुल्लिंग |
| बिल्ली | — | स्त्रीलिंग |
| आदमी | — | पुल्लिंग |
| अम्मा | — | स्त्रीलिंग |

2. **समझिए और लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| दूध और मलाई | — | दूध-मलाई |
| धर्म और कर्म | — | धर्म-कर्म |
| डाक के लिए घर | — | डाकघर |
| नाक और भौं | — | नाक-भौं |
| पूजन के लिए सामग्री | — | पूजनसामग्री |
| तन और मन | — | तन-मन |

ये सामासिक शब्द हैं।

3. **पाठांश में से विशेषण-विशेष्य चुनकर लिखिए—**

एक सेठ के घर .............................. पीछे पड़ी रहती थी।

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| नई-नवेली | बहू |
| एक | सेठ |
| रूपवती | रूपा |
| सभी | सदस्य |
| बहुत | प्यार |
| पालतू | बिल्ली |

4. **दिए गए विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| चिंतित | — | चिंता |
| अच्छा | — | अच्छाई |
| मीठा | — | मिठास |
| ज़िम्मेदार | — | ज़िम्मेदारी |
| हैरान | — | हैरानी |
| चतुर | — | चतुराई |

5. **वाक्य बनाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| रसोईघर | — | माँ रसोईघर में खाना पका रही हैं। |
| प्रायश्चित | — | बहू प्रायश्चित करना चाहती थी। |
| समाधान | — | मेरी समस्या का समाधान हो गया है। |
| शास्त्र | — | मैं धर्म-शास्त्र पढ़ना चाहता हूँ। |